प्रेस–नोट

कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर

भूमि विकास बैंक का मैनेजर एवं कैशियर छह हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर, 14 दिसम्बर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा बुधवार को रायसिंहनगर भूमि विकास बैंक अनूपगढ़, जिला बीकोनर में पदस्थापित मैनेजर श्री अनिल शर्मा एवं कैशियर श्री नोपाराम को छह हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया।

श्री सचिन मित्तल, महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बताया कि परिवादी श्री मनीष यादव, निवासी JASM पुलिस थाना गढ़साना, जिला श्रीगंगानगर ने दिनांक 08.12.16 को ब्यूरो में शिकायत दर्ज करवाई कि रायसिंहनगर भूमि विकास बैंक अनूपगढ के मैनेजर श्री अनिल शर्मा ने परिवादी की तीन लाख रूपये की कृषि ऋण की अंतिम किश्त जारी करने की एवज में आठ हजार रूपये हजार रूपये रिश्वत की मांग की। मैनेजर ने यह रिश्वत राशि कैशियर श्री नोपाराम को देने को कहा। मामला छह हजार में तय हुआ।

ब्यूरो चौकी बीकानेर द्वारा शिकायत का सत्यापन दिनांक 09.12.16 को किया गया। इसके उपरान्त दिनांक 14.12.16 को ब्यूरो चौकी बीकानेर द्वारा ट्रेप का आयोजन कर पहले कैशियर श्री नोपाराम को छह हजार रूपये की राशि के साथ गिरफ्तार किया। उससे पहले कैशियर ने आठ हजार रूपये में से दो हजार रूपये की राशि परिवादी को लौटा दी। कैशियर श्री नोपाराम को गिरफ्तार करने के बाद ब्यूरो टीम ने मैनेजर श्री अनिल शर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया।

उक्त प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

– – –